## खबर संक्षेप



### 2 नक्सली गिरफ्तार, एक पर था एक लाख का इनाम

**सुकमा।** जिला बल और सीआरपीएफ 165 वीं वाहिनी को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस गश्त पार्टी पर हमला के आरोपी दोनों नक्सली 2016 से फरार थे। न्यायालय ने दोनों के खिलाफ स्थायी वारंट जारी किया है। सोमवार को सुरक्षाबलों ने जगरगुंडा थाना क्षेत्र के कुंदेड़ के जंगल से गिरफ्तार किया है। एक नक्सली पर एक लाख का इनाम है। दोनों नक्सली जिला सुकमा एवं सीमावर्ती जिलों में घटित विभिन्न नक्सली गतिविधियों में सम्मिलित रहे है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सुकमा न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से जेल भेजा गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर सोमवार को थाना जगरगुण्डा से जिला बल एवं 165 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी एरिया डोमिनेशन व नक्सली आरोपियों की धरपकड़ हेतु ग्राम कुंदेड़ व आसपास क्षेत्र की ओर रवाना हुई। इस दौरान ग्राम कुंदेड़ के जंगल में दो नक्सलियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम सोड़ी सुक्का जोनागुडा आरपीसी अध्यक्ष और सोड़ी भीमा उर्फ नंदू जोनागुडा आरपीसी मिलिशिया कमाण्ड इन चीफ बताया। नक्सलियों ने अपने बयान में बताया कि प्रतिबंधित नक्सल संगठन में कार्य कर रहे थे। दोनों को थाना लाकर नक्सल प्रोफाइल चेक करने पर साल 2016 में राजपेंटा के पास पुलिस गस्त पार्टी पर आईईडी ब्लास्ट कर हमला करने की घटना में शामिल होना पाया गया। घटना के संबंध में थाना जगरगुण्डा में आर्म्स एक्ट, 3,5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध है।

### किसान का एक-एक धान का दाना खरीदेगी सरकार : कश्यप



**जगदलपुर।** लोहण्डीगुड़ा मंडल अध्यक्ष मंगतू कश्यप ने सोमवार को धान खरीदी केंद्रों का दौरा कर क्षेत्र के किसानों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के विष्णु देव के सुशासन में किसानों का एक-एक दाना धान खरीदी जायेगी। भाजपा के शासन में किसान खुशहाल हैं। हर किसान का जन-कल्याण योजनाओं में हमेशा से ही भाजपा की प्राथमिकता रहा है। किसानों की धान खरीदी समय पर हो रही है। सभी किसानों से प्रति क्विंटल धान 3100 रूपए खरीदी हो रही है। नरेन्द्र मोदी के शासन में हर वर्ष किसानों के खाते में पैसे भेज रहीं हैं। भाजपा शासन में किसानों के लिए सिंचाई योजनाओं को भी लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। इस दौरान भरत कश्यप, सावेंद्र सेठिया,वासू पटेल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# समस्याओं का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा और निराकरण की माँग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर नगर एवं क्षेत्र की विभिन्न जन समस्याओं को लेकर विगत कई वर्षों से आम जनता को साथ लेकर संघर्ष कर रहा है। साथ ही जन समस्याओं को भी दूर कराया जा रहा है। कई वर्षों से शासकीय जमीन पर काबिजो को भूमि स्वामी हक पट्टा देने, भानुप्रतापपुर शासकीय चिकित्सालय को सर्व सुविधायुक्त (मल्टी स्पेशलिस्ट) हॉस्पिटल बनाकर विशेषज्ञ चिकित्सकों, महिला चिकित्साको, योग्य तकनिसीयन की नियुक्त करने की मांग, क्षेत्र में अवैध जुआ, नशाखोरी पर रोक लगाने की मांग किया है। शिवसेना नेताओं ने कहा कि भानुप्रतापपुर क्षेत्र एक बहुसंख्यक जनसंख्या का क्षेत्र है। स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए यहां एकमात्र शासकीय चिकित्सालय है और इस क्षेत्र की पूरी जनता भानुप्रतापपुर चिकित्सालय के स्वास्थ्य सुविधाओं पर निर्भर है। भानुप्रतापपर शासकीय चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों, महिला चिकित्साको, योग्य तकनिसीयन ,योग्य मशीनो का नितांत अभाव है, जिसके कारण इस क्षेत्र के आम जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बड़े शहरों का या प्राइवेट हॉस्पिटलों का रूख करना पड़ता है। इसी तरह शासन की विभिन्न योजना अंतर्गत पूरे प्रदेश में गरीब परिवार जो शासकीय भूमि पर काबिज है, उनको काबिज भूमि का निःशुल्क भूमि स्वामी हक पट्टा दिया गया। किंतु भानुप्रतापपुर एवं इसके आसपास जो आम जनता वर्षों से शासकीय भूमि पर काबिज है, उसको इस योजना का लाभ नहीं दिया गया।

## शिवसेना ने विभिन्न समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन



### निशुल्क पट्टा दिया जाए

शासन प्रशासन से अनुरोध है कि भानुप्रतापपुर एवं उसके आसपास निवासरत लोगों को काबिज भूमि का निःशुल्क भूमि स्वामी हक पट्टा दिया जाए। इसी तरह क्षेत्र में गांजा, कोरेक्स, अवैध शराब, जुआ का चलन बड़े जोरों से है, जिसके कारण खासकर युवा वर्ग बर्बाद होने के कगार पर है। नशे के कारण प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही है। इन सब मांगों को पूरा करने की मांग को लेकर शिवसेना द्वारा मेंन चौक भानुप्रतापपुर में मोर्चा निकाला गया और मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के नाम एसडीएम भानुप्रतापपुर को ज्ञापन सौंपा गया।

**समाज :** आयोजन का समाज के लोगों ने सराहना की

# कोसरिया गांड़ा समाज के परिचय सम्मेलन 333 युवक-युवती हुए शामिल, कई रिश्ते तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल



कोसरिया गांड़ा समाज प्रदेश संगठन के द्वारा प्रदेश के युवक-युवतियों को आगे लाने के लिए परिचय सम्मेलन कार्यक्रम रखा गया था। परिचय सम्मेलन का शुभारंभ मां सरस्वती और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की छायाचित्र की पूजा अर्चना, माल्यार्पण और सामाजिक ध्वाजारोहण कर, गांड़ा बाजा की धुन पर देव वंदना किया गया। युवक युवती परिचय सम्मेलन में 333 युवक-युवती पहुंचे और सगाजनों को सामने अपना परिचय दिया। सभी युवक-युवतियों ने अपना परिचय देते हुए कहा कि हमें अपने परिचय देने के साथ साथ समाज के लोगों से मिलने का अवसर मिला। यहां उपस्थित भीड़ देख लगने लगा है कि हमारा समाज बहुत बड़ा समाज है। हम सबके लिए एतिहासिक पल है। प्रदेश अध्यक्ष कन्हैयालाल कचलाम, संयुक्त संचालक कृषि कपिल देव दीपक ने कहा कि हमने समाज जोड़ने के लिए ऐसा मंच तैयार किया है और इस मंच पर सभी जिले के युवक युवती और समाज के लोग पहुंचे हैं। समाज के युवक युवती अच्छा पढ़ाई करें, प्रतियोगी परीक्षाओं में क्वालीफाई करें। जो पढ़ाई छोड़ चुके हैं, जीवन की उन्नति के रोजगार अपनाएं, कौशल विकास करें, उन्नति अवश्य होगी। आम नागरिक भी खाली ना बैठें, अपने गांव रोजी मजदूरी सतत करें। बच्चों को पढ़ने प्रेरित करें। इसलिए समाज सभी पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा दें। बच्चों का उत्साहवर्धन करें। सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग प्रदेश उपाध्यक्ष ललित नरेटी ने कहा कि मुझे गांड़ा समाज की इस मंच पर खड़े गौरव महसूस हो रहा कि समाज में पहली बार युवक युवती परिचय सम्मेलन और कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम हो रही है, इस पहली अवसर का साक्षी बन रहा हूं। विशाल भीड़ देखकर प्रतीत हो रहा है कि समाज के लोग अपनी एकजुटता के उठ खड़े हैं और अपने बच्चों की उत्थान और भविष्य संवारने मंच तैयार किया है। गांड़ा समाज बहुत ज्ञानी समाज है, जो लोगों को कपड़ा बनाने और पहनने का तरीका सीखा और बताया है। समूचे प्रदेश और बस्तर में देव परंपरा है। देवी देवताओं की सिर्फ इशारे उनके नृत्य और सेवा नियमों की धुन बजाने की अनोखी कला है, वह कला सिर्फ गाड़ा समाज के मोहरी बजाने वाले के पास है। आज युवक युवतियों शिक्षित ही नहीं डिग्री, डिप्लोमाधारी हैं, समाज के युवक युवती खुब पढ़ें, आगे बढ़ें। समाज की एकता को लेकर जहां कार्यक्रम और विचार मंथन हो। बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाएं। समाज के पूर्व प्रदेश सचिव रमेश कुलदीप, प्राचार्य शिवराज टांडिया, भानुप्रतापपुर जिला संगठन अध्यक्ष ईश्वर टांडिया ने कहा कि हमारे समाज में पहली युवक युवती परिचय सम्मेलन हो रहा। समाज चाहता है, कि हमारे समाज के बच्चे पढ़ाई करें और नौकरी पेशा में जायें। समाज के रीति-रिवाज, परंपरा को भी अपनाएं।

## विहिप के सत्संग अभ्यास वर्ग में हनुमान चालीसा का पाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

विश्व हिन्दू परिषद का एक दिवसीय सत्संग अभ्यास वर्ग कांकेर के यादव समाज भवन मेलाभाटा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ प्रान्त सत्संग प्रमुख सुनील वर्मा ने सत्संग को ही जीवन का सार बताया। एक दिवसीय सत्संग वर्ग मे 4 सत्रों में बैठक, सामूहिक अभ्यास, गुट सह अभ्यास, देशभक्ति गीत, श्री हनुमान चालीसा का पाठ एवं भजनों का अभ्यास कराया गया। विश्व हिन्दू परिषद प्रान्त सह सेवा प्रमुख पूजा जैन द्वारा बाल संस्कार केंद्र, सेवा के विभिन्न प्रकल्प को लेकर मार्गदर्शन किया गया। उन्होने बाल संस्कार केंद्र और सेवा के विभिन्न प्रकल्प के बारे में कई ऐसी जानकारी दिया, जिससे कार्यशाला में शामिल लोगों ने तारीफ किया। अन्य अतिथियों ने विश्व हिन्दू परिषद के स्थापना उपलब्धि एवं उद्देश्य को बताया। आयोजित कार्यशाला में बजरंग दल संयोजक राजा साहू, रोशन बराई, प्रकाश निषाद, भावेश आरदे, लक्ष्मीनारायण साहू, मुन्ना चौलेन्द्र तिवारी, जिला धर्माचार्य प्रमुख एवं शीतला माता मंदिर के पुजारी पूरन माली, दुर्गावाहिनी जिला संयोजिका मोनिका रावटे व अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विहिप के मंत्री अखिलेश चंदौल ने किया।

### लॉ फॉर ऑल कार्यक्रम 18 व 19 को किया जाएगा

**जगदलपुर।** जिला प्रशासन द्वारा आइडिया चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से आगामी 18 एवं 19 जनवरी को जिले के सभी विकासखण्डों में लॉ फॉर ऑल प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत प्रत्येक विकासखण्ड में उक्त विषय पर हाईस्कूल स्तर के रूचि लेने वाले छात्र-छात्राएं सम्मिलित किए जाएंगे। लॉ फॉर ऑल प्रोग्राम का उद्देश्य वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को विधि में करियर के अवसरों के बारे में जागरूक करना है।

## पूर्व पीएम डा. मनमोहन सिंह का आर्थिक क्षेत्र में योगदान पर हुई व्याख्यानमाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा



■ गेंदसिंह कालेज के आयोजन में क्विज रहा उल्लेखनीय

शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय चारामा में अर्थशास्त्र विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में 30 दिसंबर को पूर्व पीएम स्व. डॉ. मनमोहन सिंह का आर्थिक क्षेत्र में योगदान विषय पर क्विज और व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के प्रारंभ में अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक रवीन्द्र सिंह चंद्रवंशी ने उनके शैक्षणिक उपलब्धि, 1990-91 की आर्थिक संकट की पृष्ठभूमि, 1991 की नवीन आर्थिक सुधार अंतर्गत निजीकरण, भूमण्डलीकरण और उदारीकरण की नीति, औद्योगिक नीति-1991 की प्रमुख विशेषताएं, सूचना के अधिकार अधिनियम-2005, मनरेगा-2005, शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013, वर्ष 2008 की विश्वव्यापी मंदी और भारत के समक्ष चुनौती को पॉवरपॉइंट स्लाइड के माध्यम से विद्यार्थियों को समझाया। विशेष रूप से यह बताया कि 1990-91 की आर्थिक संकट के समय ऋण के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने जो सोना गिरवी रखा था वह 33 वर्ष पश्चात ब्रिटेन से मई 2023 में 100 टन और 29 नवम्बर 2024 को 102 टन सोना वापस भारत आया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ केके मरकाम ने इस अवसर पर कहा कि अगर मनमोहन सिंह का योगदान 1990-91 की आर्थिक संकट के समय नहीं होता तो भारत निश्चित रूप से दिवालिया हो जाता जैसे की कुछ वर्ष पहले श्रीलंका की स्थिति हो गई थी। कार्यक्रम के अंत में कहूट ऐप के माध्यम से क्विज का आयोजन किया गया। इस क्विज में प्रथम स्थान प्रियंका, द्वितीय स्थान यूनिती नायक तथा तृतीय स्थान टिकेश्वरी ध्रुव ने प्राप्त किया। विजेताओं को अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डोमेश केमरो, कम्प्यूटर ऑपरेटर धर्मेंद्र सिन्हा, नरेश साहू सहित बीए, बीएससी तथा बीकॉम अर्थशास्त्र के विद्यार्थी उपस्थित रहें।



## क्रिकेट स्पर्धा में चारामा व्हाइट ने मारी बाजी

**चारामा।** क्रिकेट संगठन निक्की स्पोर्ट्स के तत्वाधान में ड्यूस बॉल सीरीज का आयोजन नगर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम चारामा में किया गया था, जिसमे चारामा के 12 से 19 साल तक के खिलाड़ी शामिल हुए। सीरीज में 3 मैच 23, 26 और 28 दिसंबर को 30-30 ओवरों के 3 मैच चारामा रेड बनाम चारामा व्हाइट के मध्य खेला गया। निक्की स्पोर्ट्स सीरीज प्रतियोगिता में चारामा व्हाइट ने चारामा रेड को लगातार 3 मैच हराकर 3-0 से सीरीज पर कब्जा किया। आखिरी मैच में चारामा व्हाइट ने 30 ओवरो में 252 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते चारामा रेड 92 रन पर ढेर हो गई।

### सुदामाचरित पाठ के साथ फूलों की होली में उमड़े श्रद्धालु

**जगदलपुर।** राधा रमण महिला समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और दिव्यता के रंग में रचा-बसा रहा। इस सात दिवसीय आयोजन का नेतृत्व कथा व्यास विनी किशोरी ने किया। जिन्होंने अपनी संगीतमय शैली से कथा का प्रसार किया। रविवार को सातवें दिन श्री कृष्ण और सुदामा चरित्र का पाठ किया गया, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा।

# नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2024-25 कराए जाने के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी कार्यक्रम समय-अनुसूची में संशोधित करते हुए 01 जनवरी 2025 के प्रतिनिर्देश से कार्यक्रम समय-अनुसूची आदेश जारी किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि जारी कार्यक्रम के अनुसार द्वितीय चरण में 31 दिसम्बर से निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावे तथा आपत्तियां प्राप्त की जाएगी तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निर्वाचक नामावली भी इसी तिथि को उपलब्ध कराई जाएगी। दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 06 जनवरी 2025 को अपरान्ह 03 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। प्राप्त दावे-आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तिथि 09 जनवरी है। इसी प्रकार प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी तथा प्राप्त दावों का निराकरण 11 जनवरी को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील निराकरण आदेश पारित होने के 05 दिवस के भीतर किया जा सकेगा और साथ ही सॉफ्टवेयर में परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि, चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पीडीएफ मुद्रण जिला कार्यालय को सौंपना एवं अनुपूरक सूची का मुद्रण और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ 14 जनवरी तक संलग्न किया जाएगा। तत्पश्चात निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2025 को किया जाएगा।

### त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी

*छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी कार्यक्रम में संशोधन करते हुए 01 जनवरी 2025 के प्रतिनिर्देश से कार्यक्रम समय-अनुसूची जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि जारी कार्यक्रम अनुसार द्वितीय चरण में 31 दिसम्बर से निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावा तथा आपत्तियां प्राप्त की जाएगीं। दावा तथा आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 06 जनवरी 2025 अपरान्ह 03 बजे तक की जाएगी। इसके अलावा दावे तथा आपत्तियों का निपटारे की अंतिम तिथि 09 जनवरी निर्धारित की गई है। इसी प्रकार प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी और प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि 11 जनवरी निर्धारित किया गया है। दावा-आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने तथा निराकरण आदेश पारित होने के 05 दिवस के भीतर किया जा सकेगा। साथ ही सॉफ्टवेयर में 14 जनवरी तक परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि, चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाकर तथा पी.डी.एफ. मुद्रण जिला कार्यालय को सौंपा जाएगा और अनुपूरक सूची का मुद्रण तथा अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ संलग्न किया जाएगा। इसके बाद निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2025 को किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार करने के संबंध में जिले के सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सभी जनपद पंचायत के सीईओ को निर्देशित किया गया है।*

# संकुल प्रभारी, पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारी को साक्षरता की मानीटरिंग की दी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

उल्लास
ULLAS

उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के ग्राम पंचायत प्रभारी, सर्वेयर एवं संकुल सेक्टर प्रभारियों की 30 दिसंबर को बैठक लेते हुए जिला परियोजना अधिकारी पुष्पांजली ठाकुर ने सभी पंचायत प्रभारी एवं वार्ड प्रभारियों से कहा कि सभी अपने अपने विकासखण्ड में साक्षरता कक्षाओं का नियमित संचालन करें। साथ ही साथ कक्षा संचालन के फोटोग्राफस जरूर भेजे।

राज्य शासन द्वारा उल्लास कार्यक्रम में 10 वीं 12 वीं के छात्र छात्राओं द्वारा स्वयं सेवी के रूप में निरक्षर को साक्षर बनाने पर 10 अंक बोनस बोर्ड परीक्षा में प्रदान किया जाएगा। भानुप्रतापपुर विकास खण्ड के 15 एवं अंतागढ के 21 ग्राम पंचायतों में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायतों में एक ग्राम पंचायत प्रभारी नियुक्त किए गए है। उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के तहत असाक्षरों को नियमित रूप से स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से अध्यापन कराए। सभी संकुल प्रभारी, ग्राम पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारी इसकी सतत मानिटरिंग करें। विकासखण्ड को जो लक्ष्य दिया गया है, उसके अनुरूप सभी ग्राम पंचायतों को भी लक्ष्य दिया गया है। कुछ आगामी मार्च साक्षरता की महापरीक्षा मार्च के महीने में होना है, उसका भी व्यापक प्रचार प्रसार करें और जो असाक्षर चिन्हित किए जा चुके है, उनका अध्यापन कराकर उन्हे आगामी मार्च माह में परीक्षा में बैठाए। उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के तहत केंद्र प्रवर्तित योजना के तहत 15 वर्ष से उपर के सभी असाक्षरों का पंजीयन पूर्व में ही कर लिया गया है। उल्लास की पठन पाठन सामग्री भी सभी ब्लाको को जिला से उपलब्ध करा दिया गया है। सभी असाक्षरो को वितरण कर नियमित कक्षा संचालन करें। बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी सदे सिंह कोमरे, स्त्रोत व्यक्ति एवं प्राचार्य टिकेश्वर सिंह ठाकुर, एबीईओ प्रवीण चतुर्वेदी, साक्षरता प्रभारी अशोक ठाकुर, लीलाराम ध्रुव, दीपेश निर्मलकर, आनंद बनकर के साथ-साथ ग्राम पंचायत प्रभारी, सर्वे प्रभारी एवं संकुल सेक्टर अधिकारी उपस्थित रहें।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से-18 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि- स्लीपर-8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/ (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport